राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - अर्थशास्त्र
पाठ 8 : केंद्रीय प्रवृत्ति के माप
कार्यपत्रक - 8

1. मान लीजिए कि आपका परिणाम आज घोषित किया गया है और आपके मित्र ने आपको सूचित किया कि उसने प्रत्येक पेपर में औसतन 95 अंक हासिल किए हैं। क्या इसका मतलब यह है कि उसने प्रत्येक व्यक्तिगत पेपर में 95 अंक हासिल किए होंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

2. आपके मित्र ने आपके विद्यालय में तीन खंडों के परिणाम के आँखड़े एकत्र किये है, लेकिन खंड B के छात्रों के माध्य अंक नहीं जुटा सका और आपसे निम्नलिखित तालिका को पूरा करने के लिए मदद मांगता हैं:

	खंड A	खंड B	खंड C	समग्र
छात्रों की संख्या	100	120	80	300
छात्रों के माध्य अंक	55	?	25	45

क्या आप लापता मूल्य को खोजने में अपने दोस्त की मदद कर सकते हैं?

प्रश्न. आपने और आपकी मित्र ने कक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं और परिणामस्वरूप आपकी शिक्षिका आप दोनों से बहुत प्रभावित है और आपको एक वास्तविक जीवन की परियोजना सौंपने को तैयार है। वह चाहतीं है कि आप किसी कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों की मजदूरी के आंकड़ों का विश्लेषण करें। वह आपको निम्न आंकड़े उपलब्ध कराती है और आपसे पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए कहतीं हैं :

दैनिक मजदूरी (रु.)	मजदूरों की संख्या
30-32	2
32-34	9
34-36	25
36-38	30
38-40	49
40-42	62
42-44	39
44-46	20
46-48	11
48-50	3

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - अर्थशास्त्र
पाठ 8 : केंद्रीय प्रवृत्ति के माप
कार्यपत्रक - 8

3. सबसे पहले, आपकी शिक्षिका इस कारखाने में मज़दूरों को दिए जाने वाले औसत वेतन को जानना चाहता है। क्या आप उन्हें यह औसत मजदूरी ज्ञात और उसकी व्याख्या करने में मदद कर सकते हैं?
4. चूंकि आप और आपकी सहेली दोनों इस डेटा पर काम कर रही हैं, वह बताती हैं कि आधे कामगारों को 40.32 रुपये से ऊपर का भुगतान मिल रहा है और आधे को इस मूल्य से नीचे का भुगतान किया जाता है। क्या आप उससे सहमत हैं? यदि नहीं, तो क्यों?
5. वह यह भी बताती है कि श्रमिकों की अधिकतम संख्या वर्ग 48-50 में आती है क्योंकि यह उच्चतम वेतन सीमा है। क्या आपको लगता है कि वास्तव में श्रमिकों की सबसे अधिक संख्या इस वर्ग में आती है? अगर नहीं तो क्यों?
6. सही वर्ग और मजदूरी के विशेष मूल्य को इंगित करें, जिस पर कर्मचारियों की अधिकतम संख्या को भुगतान किया जाता है।
7. आपने अपनी शिक्षिका को अध्ययन के परिणाम प्रस्तुत किए और उन्होंने उन परिणामो को कारखाने के मालिक के साथ साझा किया। परिणाम प्राप्त करने के बाद, कारखाने के मालिक ने एक अनुपालन विवरण में यह लिखा कि श्रमिकों को प्रतिदिन औसतन 40.32 रुपये का भुगतान किया जाता है। क्या आपको लगता है कि विवरण में दी जाने वाली यह संख्या सही है? क्यों नहीं?
8. इसके अलावा, मजदूरी के ऊपरी और निचले चतुर्थक मूल्यों की गणना करने में कारखाने के मालिक की मदद कीजिये।
9. क्या आप उपर्युक्त आंकड़ों को आयत चित्र के रूप में दर्शा सकते हैं और फिर मजदूरी का उच्चतम मूल्य पा सकते हैं?
10. बेहतर प्रस्तुति और समझ के लिए उपरोक्त आंकड़ों से माध्ययीका के मूल्ये को संचयी आवृत्ति वक्र प्राप्त द्वारा प्राप्त कीजिये।